दिन– शुक्रवार दिनांक– 11 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में अंठावन लोगों की मौत। नालंदा में सबसे अधिक बाईस जानें गईं।

02. मौसम विभाग ने आज अररिया, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज और सुपौल जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई स्थानों पर तेज हवा के साथ वज्रपात की भी चेतावनी।

03. केन्द्र सरकार ने राजधानी पटना सहित ग्यारह नगर निकायों के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं को मंजूरी दी। पांच सौ चौदह करोड़ रूपये की राशि खर्च होगी।

04. और, केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने परीक्षा में धांधली करने वाले पांच सौ तिरेसठ अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी।

---

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान भारी बारिश, तेज हवाएं और आकाशीय बिजली गिरने से जुड़ी अलग–अलग घटनाओं में अंठावन लोगों की मौत हो गई। इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान नालंदा जिले में हुआ है। हमारे संववाददाता ने बताया कि पेड़ उखड़ने और दीवारें गिरने से बाईस लोगों की जान चली गई।

–––बाईट–––

इधर, राज्य के अन्य जिलों से भी बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में छत्तीस लोगों की मौत हो गई। भोजपुर में छह, गया जिले में तीन और अरवल में दो लोगों की जान चली गई। पटना, गोपालगंज, मुंगेर, समस्तीपुर, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, अररिया, बेगूसराय और कई अन्य जिलों में लोगों के हताहत होने की खबर है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बारिश के दौरान हुयी मौतों पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को तत्काल चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम में सतकर्ता बरतने और घर में रहने की अपील की है।

---

प्रदेश में बारिश और आंधी के कारण जान–माल के साथ ही कृषि को व्यापक क्षति हुई है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

---

मौसम विभाग ने बारिश और तेज हवाओं के बीच किसानों से रबी और बागवनी फसलों के लिए सलाह जारी की है। विभाग के अनुसार जिन किसानों ने गेहूँ की कटनी नहीं की है वे अगले दो–तीन दिनों तक कटनी नहीं करे। विभाग ने फसल की नमी सूखने के बाद ही कटनी की सलाह दी है। वहीं, काट कर रखी गयी फसल को हवादार जगह पर खोलकर रखने की भी सलाह दी गई है।

---

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दवाब के क्षेत्र और चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले दो दिन तक बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने आज अररिया, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज और सुपौल जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवा, बारिश और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज में सबसे अधिक एक सौ सोलह दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, सुपौल में एक सौ दस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुयी है।

---

केन्द्र सरकार ने राजधानी पटना सहित ग्यारह नगर निकायों के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की योजनाओं को मंजूरी प्रदान कर दी है। इन परियोजनाओं पर पांच सौ चौदह करोड़ रूपये की राशि खर्च होगी। नगर विकास और आवास मंत्री जिवेश कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा है कि कचरे के निबटारे के लिए पटना के बैरिया में देश की पहली वीजीएफ आधारित परियोजना विकसित की जायेगी, जहां प्रतिदिन सोलह सौ टन कचरे के प्रसंस्करण की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि इससे नगर निकाय क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार होने के साथ ही पर्यावरण और जन स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

---

उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रदेश के किसानों को बाजार समिति प्रांगण की सुविधा जल्द उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने पटना में एक कार्यक्रम में कहा कि फसलों को उचित मूल्य दिलाने, बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और फसलों के रख–रखाव के लिए बाजार समिति प्रांगण में हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने

एक राष्ट्र एक बाजार की व्यवस्था की घोषणा की है, जिसका लाभ बिहार के किसानों को भी मिलेगा।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि दक्षिण बिहार में जल्द ही एक होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना की जायेगी। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय ने इसके लिए सहमति दे दी है। श्री पांडेय ने कहा कि उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर में संचालित होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बाद यह राज्य का दूसरा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज होगा।

---

केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने बहाली परीक्षा में धांधली करने वाले पांच सौ तिरेसठ अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इन अभ्यर्थियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत पटना स्थित सचिवालय थाना में मामला दर्ज हुआ है। पर्षद से प्राप्त जानकारी के अनुसार सात चरणों में आयोजित परीक्षा के दौरान इन अभ्यर्थियों पर दो या उससे अधिक बार परीक्षा में शामिल होने या अपनी जगह पर दूसरे व्यक्ति को बैठाने का आरोप है।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार पूरी ताकत से ड्रग माफियाओं को खत्म कर रही है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में एजेंसियों के प्रयासों की सराहना करते हुए श्री शाह ने कहा कि नशा मुक्त भारत बनाने की दृष्टि से देश की एजेंसियों ने ड्रग माफियाओं पर नकेल कसने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाए हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसियों ने चौबीस करोड़ बत्तीस लाख रुपये मूल्य की तीस किलोग्राम से अधिक मेथमफेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं।

---

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की पलायन रोको–नौकरी दो पद यात्रा का आज औपचारिक रूप से पटना में समापन होगा। इस यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट भी शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने बताया कि इस दौरान पद यात्रा करते हुए वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंपने का प्रयास करेंगे।

–––बाईट–––

---

गोरखपुर और गोरखपुर कैन्ट के बीच प्री–एनआई और एनआई कार्य के कारण लखनऊ–पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन समेत सैंतालीस ट्रेन रद्द रहेंगी। वहीं, नौ ट्रेने मार्ग परिवर्तित कर चलाई जायेंगी, जबकि दस ट्रेनों का आंशिक समापन किया जायेगा। पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ सरस्वती चन्द्र ने बताया कि कल से आठ मई तक अलग–अलग तिथियों के लिए यह बदलाव किया गया है।

---

मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए चार मई को नीट–यूजी की परीक्षा आयोजित होगी। इस संबंध में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनडीए ने स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों का परीक्षा के दौरान आधार कार्ड मैच नहीं होगा, उन्हें परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जायेगा। एनटीए ने इस वर्ष फेस रिकग्निशन सिस्टम लागू किया है, जिससे अभ्यर्थियों के चेहरे का मिलान किया जायेगा। गौरतलब है कि पिछले साल परीक्षा के दौरान धांधली की घटनाओं को देखते हुये एनटीए ने सतर्कता बढ़ा दी है।

---

और अब खबरें खेल जगत से...

बीसीए पुरूष अंडर ट्वेंटी थ्री वन डे क्रिकेट में पटना और बेगूसराय की टीम संयुक्त रूप से विजेता रही हैं। पटना के मोइनुलहक स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में बेगूसराय ने निर्धारित पचास ओवर में नौ विकेट पर दो सौ उन्यासी रन बनाये। जवाब में पटना की टीम तेरह ओवर में दो विकेट के नुकसान पर तिरानवे रन बनाये। इसके बाद बारिश की वजह से खेल बाधित होने के कारण दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया।

पटना में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दिन पटना की भार्गवी शर्मा और शिवांगी की जोड़ी ने युगल वर्ग का खिताब जीता। अखिल भारतीय टेनिस संघ और बिहार लॉन टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में आज एकल वर्ग का फाइनल खेला जायेगा।

इधर, मध्यप्रदेश के महू में आयोजित इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में पटना की अलीना जुबैर और अंतरा झा ने दस मीटर एयर राइफल महिला प्रतियोगिता में चौथा और पांचवा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही इन दोनों ने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिये क्वालीफाई कर लिया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रदेशभर में आंधी–पानी और वज्रपात से हुई मौत से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– बिहार में आंधी–वज्रपात ने अंठावन जानें लीं। साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने मचाई तबाही।

दैनिक जागरण ने गंगा पथ वे विस्तार पर लिखा है– दीघा से दीदारगंज तक पूरा हुआ जेपी गंगा पथ, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया लोकार्पण।

दैनिक भास्कर लिखता है– मुम्बई हमले में राणा को फांसी देने में प्रत्यर्पण संधि आड़े नहीं आयेगी।

प्रभात खबर की सुर्खी है– नीट पर्चा लीक के मास्टरमाइंड संजीव पर तीन लाख का इनाम।

आज अखबार ने शिक्षा से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुये लिखा है– रिटायरमेंट क बाद समाप्त हो जायेंगे बीईओ के पद।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– नये वक्फ कानून मामले में सुनवाई सोलह अप्रैल को।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रदेश में बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में अंठावन लोगों की मौत। नालंदा में सबसे अधिक बाईस जानें गईं।

02. मौसम विभाग ने आज अररिया, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज और सुपौल जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई स्थानों पर तेज हवा के साथ वज्रपात की भी चेतावनी।

03. केन्द्र सरकार ने राजधानी पटना सहित ग्यारह नगर निकायों के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं को मंजूरी दी। पांच सौ चौदह करोड़ रूपये की राशि खर्च होगी।

04. और, केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने परीक्षा में धांधली करने वाले पांच सौ तिरेसठ अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।